इंदौर, मंगलवार 10 मार्च 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 113
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

पहाड़ों को चीरकर बनाया जा रहा राष्ट्रीय राजमार्ग

पेज-2

'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान

पेज-5

लोक अदालत पर नगर निगम की नजर

पेज-6

### न्यूज ब्रीफ

- अमेरिकियों के साथ बातचीत की संभावना शायद खत्म हो गई है : ईरानी विदेश मंत्री अराघची
- US का आदेश, मिडिल-ईस्ट से वापस लौटें अमेरिकी राजूदत और उनके परिवार
- तेल की कीमतों में गिरावट का बाजार पर असर, सेंसेक्स 650 अंक ऊपर, निफ्टी 200 अंक बढ़ा
- कोलकाता में CEC को दिखाए काले झंडे
- केन्या : नैरोबी में आई बाढ़ में अब तक 23 लोगों की मौत
- तेल की कीमतों पर लगाम के लिए अमेरिका की पहल, रूस पर प्रतिबंधों में दे सकता ढील
- पश्चिम बंगाल में दो से तीन चरणों में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव
- अमेरिकी-इजरायली हमले में मृतकों की संख्या 1300 से अधिक हुई : ईरान
- ईरान जंग सुलझाने में पुतिन मदद करना चाहते हैं : ट्रंप
- मनामा में रिहायशी बिल्डिंग पर ईरान का हमला, एक शख्स की मौत, कई घायल : बहरीन
- नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण आज से होगा शुरू

# गंदे पानी से डरा इंदौर, तीन माह में सालभर जितने बिक गए आरओ

## भागीरथपुरा दूषित जल कांड के बाद अचानक बढ़ी मांग, 65 प्रतिशत घरों में लग चुके हैं वॉटर प्यूरीफायर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई 22 मौतों के बाद इंदौर शहर में नर्मदा के पानी को लेकर लोगों में डर का माहौल बन गया। इस घटना के बाद शहर में यूवी-आरओ वॉटर प्यूरीफायर की बिक्री में अचानक भारी उछाल देखने को मिला। जेल रोड व्यापारी संघ के अनुसार इस साल केवल तीन महीनों में उतने आरओ बिक गए, जितने सामान्य तौर पर पूरे साल में बिकते हैं। खास बात यह है कि भागीरथपुरा जैसे पिछड़े इलाके में भी करीब 65 प्रतिशत घरों में आरओ लग चुके हैं। हालांकि वर्तमान में शहरभर में दूषित पानी की शिकायतें कम हो गई और नर्मदा का पानी साफ आ रहा है, जिसके चलते अब आरओ की बिक्री भी कम होने लगी है।

इन इलाकों में सबसे ज्यादा मांग-जेल रोड के व्यापारियों के अनुसार दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आरओ वॉटर प्यूरीफायर की बिक्री अचानक बढ़ गई थी। शुरुआत में कारण समझ नहीं आया, लेकिन बाद में भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों की खबर सामने आई। इसके बाद जनवरी 2026 में मांग लगातार बढ़ती गई। अनुमान के अनुसार जेल रोड बाजार में रोजाना 500 से 600 आरओ प्यूरीफायर बिक रहे थे।

व्यापारियों के अनुसार ब्रांडेड की तुलना में लोकल आरओ की मांग ज्यादा रही। लोग 4 से 5 हजार रुपये कीमत वाले आरओ ज्यादा खरीद रहे थे। भागीरथपुरा के लोगों ने बताया कि क्षेत्र में अधिकतर गरीब और पिछडे वर्ग के लोग रहते हैं, लेकिन घटना के बाद लोगों ने फाइनेंस कराकर भी आरओ लगवाए। हालांकि अब नर्मदा का पानी साफ आ रहा है, फिर भी लोगों का भरोसा आरओ पर ज्यादा हो गया है।


फाइल फोटो

### आंकड़ों पर एक नजर

- *22 लोगों की मौत दूषित पानी से*
- *3 माह में सालभर जितनी बिक्री*
- *रोजाना 500-600 आरओ की बिक्री (पीक समय)*
- *लगभग 30 लाख रुपए का दैनिक कारोबार*
- *भागीरथपुरा के 65 प्रतिशत घरों में आरओ*
- *गरीब परिवारों ने भी फाइनेंस से लगवाए आरओ*

### इन क्षेत्रों में करीब 50 प्रतिग्राहक

■ *गौरी नगर* ■ *परदेशीपुरा* ■ *बाणगंगा* ■ *भागीरथपुरा*

### रोज 30 लाख रुपए का कारोबार

*जेल रोड व्यापारी एसोसिएशन के अनुसार घटना के बाद बाजार में आरओ की मांग इतनी बढ़ गई कि रोजाना करीब 30 लाख रुपये तक का कारोबार होने लगा। लगातार बढ़ती मांग के कारण अहमदाबाद की कंपनियों के सामने भी स्टॉक की कमी हो गई थी। यह स्थिति 26 जनवरी तक बनी रही। इसके बाद धीरे-धीरे मांग कम होने लगी और वर्तमान में यह घटकर प्रतिदिन 50 से 100 यूनिट तक रह गई है।*

# अगले सप्ताह बड़ी प्रशासनिक सर्जरी एक दर्जन कलेक्टर होंगे प्रभावित

### भोपाल कलेक्टर और संभाग आयुक्त को लेकर टिकीं सबकी नजरें, सीएस के लौटने का इंतजार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● त्योहार खत्म होते ही मंत्रालय के गलियारों में प्रशासनिक सर्जरी की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। संभावना है कि अगले सप्ताह एक लिस्ट जारी होगी जिसमें दर्जनभर जिलों के कलेक्टर इधर से उधर हो सकते हैं। इस सर्जरी में सबकी निगाहें भोपाल कलेक्टर को लेकर लगी हुई हैं। भोपाल संभाग के आयुक्त के भी बदले जाने की संभावना है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार कलेक्टर, कमिश्नर, निगम-मंडल और प्राधिकरण के एमडी तथा सीईओ के साथ मंत्रालय स्तर पर प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव के प्रभारों में बदलाव किया जाना है। इसके लिए पिछले दो सप्ताह से मशक्कत चल रही है। विधानसभा सत्र के खत्म होने के बाद लिस्ट आने की चर्चा थी लेकिन मुख्य सचिव अनुराग जैन के पांच दिन के अवकाश पर जाने से लिस्ट जारी होने का मामला आगे बढ़ गया है। सीएस के वापस लौटते ही संभावित नामों पर रिव्यू किया जाएगा।



**इन जिलों के कलेक्टर हो सकते हैं प्रभावित**-धार के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को जिले की कमान संभाले तीन साल से ज्यादा समय हो गया है। उनके परफॉर्मेंस को देखते हुए बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इनके अलावा जिन कलेक्टरों को इधर से उधर किया जाना संभावित है उनमें शहडोल के कैदार सिंह, प्रतिभा पाल रीवा, स्वरोचिश सोमवंशी सीधी, नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी बैतूल, नेहा मीना झाबुआ, सोनिया मीना नर्मदापुरम, सुधीर कोचर दमोह, ऋजु बाफना शाजापुर, रानी बाटड मैहर, अदिति गर्ग मंदसौर आदि हैं।

# पुणे में गैस शवदाह गृह बंद; दिल्ली से बेंगलुरु तक होटल बंद होने का खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध का असर अब भारत में भी दिखने लगा है। कहीं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हो रही है तो कहीं गैस आधारित शवदाह गृहों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। यही नहीं बेंगलुरु में व्यावसायिक गैस सिलिंडरों की आपूर्ति बंद होने से होटल और रेस्तरां के मंगलवार से बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। जबकि दिल्ली में भी रेस्तरां संघ ने चिंता जताई है। हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ सहित राज्यभर में व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति बाधित हो गई है।



**मंत्रालय की ओर से एलपीजी कंपनियों को निर्देश**-केंद्रीय मंत्रालय की ओर से एलपीजी कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि फिलहाल वाणिज्यिक सिलिंडरों की रिफिलिंग बंद रखी जाए। घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में से एक है। यहां सिलेंडर की सप्लाई बंद होने से उद्योगों और कारोबारियों के सामने उत्पादन और सेवाएं जारी रखना मुश्किल होता जा रहा है। इंडियन आयल कार्पोरेशन के फील्ड अफसर सौरभ बडगुर्जर ने बताया कि केंद्र सरकार से कंपनियों को व्यावसायिक सिलेंडरों की रिफिलिंग रोकने संबंधी निर्देश मिले हैं। इधर, दिल्ली के जागरण संवाददाता के मुताबिक, राष्ट्रीय रेस्तरां संघ ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति में उत्पन्न संकट पर गंभीर चिंता जताई है तथा आपूर्ति श्रृंखला को निर्बाध रखने का आग्रह किया है। संघ के संगठन महासचिव प्रकुल कुमार ने पत्र में कहा कि रेस्तरां उद्योग मुख्य रूप से व्यावसायिक एलपीजी पर निर्भर है।

# मल्होत्रा से पहले 3 विधायकों का चुनाव भी हो चुका शून्य

### एक को मिली राहत, दो की विधायकी गई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● प्रदेश की विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव निरस्त हो गया है। मल्होत्रा से पहले भी प्रदेश में तीन विधायकों के चुनाव/ विस सदस्यता पर न्यायालयीन कार्रवाई हो चुकी है। इनमें से एक को राहत मिली, जबकि दो की विधायकी चली गई थी। प्रदेश में मुकेश मल्होत्रा से पहले तीन विधायकों की सदस्यता को कोर्ट शून्य घोषित कर चुकी है। ये तीनों ही भाजपा की सीट पर विधायक चुने गए थे।

**आशारानी की सीट सजा के कारण गई**-बिजावर से वर्ष 2008 में भाजपा की सीट पर विधायक बनीं आशारानी को वर्ष 2013 में आपराधिक मामले में सजा सुनाई गई थी। सजा के बाद जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत उनकी विधायकी स्वत: समाप्त हो गई थी। उन्हें मध्य प्रदेश में सजा के कारण अयोग्य घोषित होने वाली पहली महिला विधायक भी माना जाता है।

### अब मिनिमम बैलेंस की टेंशन खत्म

# वित्त मंत्री ने पेनाल्टी हटाने का किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि देश में करीब 72 करोड़ बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट ऐसे हैं, जिनमें मिनिमम बैलेंस न रखने पर कोई पेनल्टी नहीं लगती। इन खातों में प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए खाते भी शामिल हैं।

लोकसभा में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा खातों में जीरो बैलेंस सेविंग्स अकाउंट की सुविधा दी जाती है।



इस व्यवस्था का उद्देश्य देश के सभी लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि खास तौर पर बैंकिंग सुविधाओं से दूर रहने वाले लोगों, कमजोर वर्गों और छोटे जमाकर्ताओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने के लिए यह पहल की गई है।

# पुराने टर्मिनल को नाम मिला 'टी-1', बनकर हुआ तैयार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल के नवीनीकरण का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने इस टर्मिनल को 'टर्मिनल-1 (टी-1)' नाम दिया है, जहां से मुख्य रूप से एटीआर विमानों का संचालन किया जाएगा। वर्तमान में इंदौर एयरपोर्ट से करीब 36 एटीआर फ्लाइट्स संचालित हो रही हैं, जिन्हें नए टर्मिनल से संचालित करने की योजना बनाई गई है।

एयरपोर्ट प्रबंधन की तैयारी है कि 1 अप्रैल से टी-1 टर्मिनल शुरू कर दिया जाए। टर्मिनल पर अधिकांश तकनीकी और सुरक्षा से जुड़े काम पूरे हो चुके हैं। यहां तीन एक्स-रे मशीनें, बैगेज लाइन स्कैनर सहित अन्य जरूरी उपकरण लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा एयरलाइंस कंपनियों को चेक-इन काउंटर भी अलॉट कर दिए गए हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर खुद इस पूरे काम की निगरानी कर रहे हैं। प्रबंधन का लक्ष्य है कि 15 मार्च तक सभी कार्य पूरी तरह समाप्त कर लिए जाएं। इसके बाद डीजीसीए और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की टीम यहां निरीक्षण कर अपनी मंजूरी देगी। हैं।

# मेट्रो का होगा विस्तार, अब इन दो शहरों तक पहुंचेगी ट्रेन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर-उज्जैन से पीथमपुर तक मेट्रो चलाने के लिए तेजी से काम चल रहा है। सर्वे के साथ डीपीआर तैयार की जा रही है। अब तय हुआ है कि मेट्रो पीथमपुर के साथ महू तक चलेगी। रूट में बदलाव किया गया है।हालांकि, अफसरों का मानना है कि इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो ट्रेन का काम सिंहस्थ 2028 के बाद ही शुरू हो पाएगा।

गांधी नगर में सितंबर 2023 में मेट्रो ट्रायल के दौरान ही इंदौर से उज्जैन व इंदौर से पीथमपुर के बीच मेट्रो चलाने की घोषणा हुई थी, लेकिन अब तक डीपीआर नहीं बन पाई है। डीएमआरसी को सर्वे का काम सौपा गया है, अफसरों के बीच प्लानिंग रखने के साथ कई संशोधन भी हुए। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अफसरों के मुताबिक, उज्जैन, इंदौर के साथ मैट्रो को महू व पीथमपुर तक चलाने का फैसला लिया गया है। यह रूट 90-95 किलोमीटर का होगा।

### वाय शेप में बनेगा ट्रैक

अफसरों के मुताबिक, मेट्रो को इंदौर व उज्जैन के शहरी इलाके में अंडरग्राउंड चलाने पर सहमति बनी है। लवकुश चौराहे से बड़ा गणपति होते हुए राजेंद्र नगर तक भी मेट्रो अंडरग्राउंड रहेगी। राजेंद्र नगर से पीथमपुर की ओर एलिवेटेड कॉरिडोर रहेगा। एबी रोड से वाय शेप में महू व पीथमपुर का मेट्रो ट्रैक बनेगा।

**प्लानिंग** मेट्रोपॉलिटन एरिया तय होने के बाद ही आएगा भोपाल, इंदौर का मास्टर प्लान

# भोपाल-इंदौर में बिना मास्टर प्लान के जमीन और आवास की बढ़ रहीं कीमतें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● राजधानी भोपाल और इंदौर के नए मास्टर प्लान अब मेट्रोपॉलिटन सिटी के लिए नियोजित अवधारणा से जोड़कर तैयार किए जा रहे हैं, लेकिन दोनों महानगरों के मेट्रोपॉलिटन एरिया की अंतिम सीमा अभी तय नहीं हो पाई है। इसी वजह से सर्वे और तकनीकी प्रक्रियाओं में देरी हो रही है। इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया में दो बार नए क्षेत्रों को शामिल किया जा चुका है। इससे पूरे क्षेत्र का दोबारा सर्वे, डाटा संकलन और प्लानिंग की प्रक्रिया लंबी हो गई है। वहीं भोपाल में भी मेट्रोपॉलिटन एरिया के सीमा निर्धारण और सर्वे चल रहा है, लेकिन इसकी अंतिम सीमा अभी तक तय नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र तय होने के बाद ही दोनों शहरों के मास्टर प्लान का अंतिम ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा।



भोपाल में लगभग दो दशकों से शहर का विस्तार बिना नए मास्टर प्लान के हो रहा है। इंदौर में भी स्थिति लगभग इसी तरह की बनती जा रही है।

**दो साल से रुकी है धारा-16 की अनुमति :** राज्य सरकार ने दो साल से धारा-16 के तहत कॉलोनी विकसित करने की अनुमति पर रोक लगा रखी है। भोपाल और इंदौर में धारा-16 के तहत कॉलोनी काटने के करीब 150 से अधिक आवेदन लंबित पड़े हैं। लगभग 50 से अधिक अनुमतियां धारा-16 में देने के बाद उन्हें निरस्त किया गया है।

### संयुक्त रूप से बनेंगी विकास परियोजनाएं

*सरकार की योजना है कि शहर और मेट्रोपॉलिटन एरिया को साथ जोड़कर विकास परियोजनाएं तैयार की जाएं। इससे एक शहर को दूसरे शहर से जोड़ने वाली सड़क, ट्रांसपोर्ट और अन्य आधारभूत सुविधाओं की योजना बेहतर तरीके से बनाई जा सकेगी। विकास योजनाएं मेट्रोपॉलिटन स्तर पर तैयार होंगी तो बड़े प्रोजेक्टों के लिए भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाने और विभिन्न विभागों के समन्वय में आने वाली समस्याएं भी कम होंगी।*

### क्या है धारा-16

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (टीएनसीपी) शहर के लागू मास्टर प्लान के बाहर और प्रस्तावित विकास योजना के भीतर कॉलोनी विकसित करने की अनुमति देता है। अनुमति नहीं मिलने से रियल एस्टेट क्षेत्र में भी ठहराव की स्थिति बन रही है।

न्यूज ब्रीफ

### बीएसएनएल के बकाया जमा करने पर मिलेगी 50 प्रतिशत तक की छूट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 14 मार्च (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील महू में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा । उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुन: लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड एवं एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं प्रदाय की जाएंगी । बीएसएनएल के उपभोक्ता अपने बिल संबंधित प्रकरणों का बीएसएनएल नेहरू पार्क स्थित कार्यालय के राजस्व अनुभाग में भी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर समाधान / निपटान करवा सकते हैं।

### 'रेड वुल्फ' लॉन्च

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रेड मून की रात, जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स नई येज़दी रोडस्टर रेड वुल्फ लॉन्च करेगी। 'बॉर्न आउट ऑफ लाइन' रोडस्टर की दमदार भावना से प्रेरित रेड वुल्फ एक बोल्ड रेट्रो लॉन्ग-हॉल रोडस्टर है, जिसे दुनिया के एकमात्र भारत में जन्मे क्लासिक मोटरसाइकिल ब्रांड ने तैयार किया है। येज़दी रोडस्टर का यह नया रूप विद्रोही लाल रंग और चमकदार क्रोम के साथ आता है, जिसमें आकर्षक क्रूजर डिजाइन और परिष्कृत परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग शामिल है, जिसने इसे लोकप्रिय बनाया है।

### ट्रैवल्स बस में अचानक आग, दो टैंकर पानी डालकर आग पर पाया काबू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के पिपलियाहाना क्षेत्र में सोमवार को खड़ी कार्गो बस में अचानक आग लग गई। निजी ट्रैवल्स की बस में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में आग पर काबू पाया और दो टैंकर पानी इसमें खर्च हुआ। बाबा ट्रैवल्स परिसर में यह बस खड़ी थी और अचानक आग लगने से कर्मचारी सकते में आ गए, क्योंकि बस पार्किंग में खड़ी थी। आग लगने पर पहले कर्मचारियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, फिर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस बीच आसपास खड़ी दूसरी बसों को परिसर से हटाया गया, ताकि वे चपेट में न आ सकें। सूचना मिलने पर दमकलें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। इस बीच पुलिस जवान भी पहुंचे और आग लगने की वजह पता की। आग की वजह से बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई, हालांकि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

# फ्लाय डाइनिंग रेस्टोरेंट की फाइल निगम से कलेक्टोरेट तक उड़ी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में 150 फीट की ऊंचाई पर खुले फ्लाय डाइनिंग रेस्टोरेंट उबुद को मंजूरी कैसे मिली, इसे लेकर मामला हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में पहुंच गया है। अब केस लगने के बाद निगम ने यह कहकर हाथ खड़े कर दिए हैं कि उनके जरिए इसे मंजूरी नहीं दी गई है। हाईकोर्ट में निगम के अधिवक्ता ने कहा कि हमने तो संचालकों को नवंबर में ही नोटिस दे दिया था। फिर सवाल यह है कि यह रेस्टोरेंट चल कैसे रहा है और इसके पास कोई वैध मंजूरी है या नहीं?

**इसकी फाइल नवंबर में ऐसे चली**–इसकी कहानी नवंबर 2025 के पहले सप्ताह से शुरू होती है। इसे शुरू करने के लिए नगर निगम में फाइल लगाई जाती है। इसके लिए कंपनी एक्सपेरियम एडवेंचर्स एलएलपी द्वारा मंजूरी मांगी जाती है। नगर निगम के अधिकारी पहली बार सामने आई ऐसी फाइल को देखकर चौंक जाते हैं। तय किया जाता है कि पहले इसमें जिला प्रशासन से पत्र लिया जाए। इसके लिए कंपनी को कलेक्टोरेट जाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र लाने के लिए कहा जाता है। जबकि, इस मामले में कलेक्टोरेट से एनओसी का कोई मामला ही नहीं बनता है। इसके चलते कलेक्टोरेट से मना कर दिया जाता है। फिर संबंधित कंपनी के कर्ताधर्ता प्रशासन और निगम के अधिकारियों के पास रसूखदारों से फोन करवाते हैं। इसके बाद निगम और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच चर्चा होती है और बीच का रास्ता निकाला जाता है। इसके बाद कलेक्टोरेट से 11 नवंबर 2025 को 17 बिंदुओं वाली एक अनापत्ति जारी की जाती है। इसी अनापत्ति के आधार पर कंपनी पुन: निगम के पास जाती है और वहां से ट्रेड लाइसेंस जारी कर



दिया जाता है। इसी आधार पर रेस्टोरेंट शुरू हो जाता है।

**अनापत्ति में सभी से मंजूरी की बात थी, जो हुई नहीं**– कलेक्टोरेट की अनापत्ति केवल खानापूर्ति थी। इसमें कंपनी को अपने स्तर पर कोई विशेष मंजूरी नहीं दी गई थी, क्योंकि वह उनके अधिकार क्षेत्र में था ही नहीं। इसके बिंदु क्रमांक एक में ही साफ लिखा था कि इस गतिविधि के लिए जो भी मंजूरी/अनापत्ति प्राप्त करना अनिवार्य हो, उसे प्राप्त करने की पूरी जिम्मेदारी आयोजक की होगी। इसके बाद ही वे गतिविधि शुरू कर सकेंगे।

साथ ही बिंदु क्रमांक सात में पुन: लिखा गया कि इस एक्टिविटी के लिए फायर, पुलिस, नगर निगम, एसडीएम, आबकारी, वाणिज्यिक कर आदि विभागों से आवेदक द्वारा मंजूरी/अनापत्ति ली जाएगी। साथ ही उनकी शर्तों और निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। रेस्टोरेंट संचालक पार्टनर और अनापत्ति लेने वाले राहुल शर्मा से द सूत्र ने सीधी बात की। इस पर उन्होंने कहा कि हम पूरे सुरक्षा मानकों के साथ इसे संचालित कर रहे हैं। निगम से ट्रेड लाइसेंस लिया है और अनापत्ति भी कलेक्टोरेट से प्राप्त है। यदि कोई और कमी थी तो हमें कोई विभाग बताता, लेकिन हमें कभी भी किसी विभाग ने कुछ नहीं कहा। अन्य विभागों से मंजूरी के सवाल पर शर्मा ने कहा कि अनापत्ति की कॉपी ही सभी विभागों को दी गई थी। वहीं, किसी ने भी हमसे न कुछ मांगा और न ही कोई पत्र दिया। हाईकोर्ट में अधिवक्ता चर्चिल शास्त्री ने इस मामले में जनहित याचिका लगाई है। इसमें उनकी ओर से अधिवक्ता मनीष यादव ने तर्क रखे। याचिका में कहा गया है कि यह रेस्टोरेंट 150 फीट की ऊंचाई पर संचालित हो रहा है और इसकी कोई विधिक मंजूरी नहीं है। इस पर सभी पक्षकारों को नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही, मामले में अगली सुनवाई 10 मार्च को संभावित है।

#### नवंबर में निगम ने नोटिस दिया, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं?

इस मामले में चौंकाने वाली बात निगम का रवैया है। निगम ने हाईकोर्ट में पहली सुनवाई के दौरान खुद स्वीकार किया कि हमने रेस्टोरेंट संचालक को नवंबर में ही नोटिस दे दिया था। इस पर हाईकोर्ट बेंच ने नाराजगी जताते हुए कहा कि फिर इसके बाद कार्रवाई क्या की? क्या आप जनहित याचिका लगने का इंतजार कर रहे थे? इसका जवाब निगम के पास नहीं था। उधर, निगम ने ट्रेड लाइसेंस जारी किया है, तो फिर नोटिस किस बात का दिया? और यदि नोटिस दिया, तो फिर उस पर आगे चुप्पी क्यों साधी? ऐसे में नगर निगम की कार्यशैली इस पूरे मसले पर विवादित नजर आ रही है।

## भीषण गर्मी से प्राणियों को राहत : जू में कूलर और स्विमिंग पूल की व्यवस्था

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● गर्मी की शुरुआत के साथ ही तापमान लगातार बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में भीषण गर्मी को देखते हुए इंदौर के चिड़ियाघर में रहने वाले प्राणियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। चिड़ियाघर प्रबंधन द्वारा प्राणियों को गर्मी से बचाने के लिए कई तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शेर, भालू और अन्य बिल्ली प्रजाति के प्राणियों के पिंजरों में कूलर लगाए गए हैं। इसके साथ ही कई बाड़ों में पानी के कुंड और छोटे स्विमिंग पूल भी बनाए गए हैं, जिससे प्राणी पानी में रहकर गर्मी से राहत महसूस कर सकें।

उन्होंने बताया कि विशेष रूप से रेप्टाइल प्रजाति के वन्य प्राणी, जैसे सांप आदि अत्यधिक गर्मी सहन नहीं कर पाते हैं। कई बार ज्यादा तापमान के कारण उनकी मौत भी हो जाती है। इसे देखते हुए उनके इनक्लोजर को ठंडा रखने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा




चिड़ियाघर के कई पिंजरों और बाड़ों पर ग्रीन नेट लगाई गई है, ताकि सीधे धूप का असर कम हो सके। साथ ही पूरे परिसर में समय-समय पर पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है, जिससे वातावरण ठंडा बना रहे। चिड़ियाघर प्रबंधन के अनुसार गर्मी के मौसम में सभी प्राणियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है और उन्हें संतुलित आहार दिया जा रहा है, ताकि वे स्वस्थ रहें और गर्मी का असर कम हो सके। इन व्यवस्थाओं से उम्मीद है कि चिड़ियाघर में रहने वाले प्राणियों को गर्मी के मौसम में काफी राहत मिलेगी।

## मेगा टूर्नामेंट : सनातन प्रीमियर लीग में खेलेंगे देशभर के खिलाड़ी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में 12 से 15 मार्च 2026 के बीच एक अनोखा क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है, जो पारंपरिक क्रिकेट प्रतियोगिताओं से काफी अलग होगा. इस आयोजन का नाम सनातन प्रीमियर लीग (SPL) है और इसका नेतृत्व देश के प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर कर रहे हैं। इस लीग का उद्देश्य केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके जरिए सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

आमतौर पर संतों और कथावाचकों को मंदिरों या धार्मिक मंचों पर प्रवचन देते हुए देखा जाता है, लेकिन इस बार तस्वीर कुछ अलग होगी. इस लीग में संत और कथावाचक क्रिकेट के मैदान में बल्ला और गेंद के साथ नजर आएंगे. आयोजकों का मानना है कि इससे युवाओं के बीच सकारात्मक




संदेश जाएगा और वे समझ पाएंगे कि आध्यात्मिकता और खेल एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। इस विशेष लीग में कई जाने-माने संत और आध्यात्मिक गुरु भाग लेने वाले हैं. इनमें प्रदीप मिश्रा महाराज, इंद्रेश महाराज, चिनमयानंद बापू महाराज जैसे नाम शामिल हैं। आयोजन के राष्ट्रीय सचिव शत्रुघ्न तिवारी के अनुसार, ये संत अब तक अपने प्रवचनों के माध्यम से लोगों को जीवन के मूल्य सिखाते रहे हैं, लेकिन अब वे मैदान में उतरकर फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना का संदेश भी देंगे. इस लीग का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सनातन धर्म के संस्कारों से जोड़ना है।

#### 125 प्रतिभाशाली बच्चों को भी मौका

इस आयोजन की खास बात यह भी है कि देशभर से चुने गए 125 प्रतिभाशाली बच्चों को भी इसमें खेलने का मौका मिलेगा. कड़े ट्रायल के बाद इन बच्चों का चयन किया गया है. उनके रहने, खाने और खेलने की पूरी व्यवस्था आयोजकों द्वारा नि :शुल्क की गई है। ये युवा खिलाड़ी संतों के साथ मैदान में उतरकर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे और उनसे प्रेरणा भी लेंगे। चार दिनों तक चलने वाला यह आयोजन इंदौर में क्रिकेट, संस्कृति और आध्यात्मिकता का अनोखा संगम पेश करेगा। आयोजकों को उम्मीद है कि यह लीग युवाओं के बीच एक सकारात्मक संदेश फैलाएगी और उन्हें यह समझाएगी कि खेल और धर्म विरोधी नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने के दो मजबूत माध्यम हैं।

## इंदौर-हैदरबाद कॉरिडोर : पहाड़ों को चीरकर बनाया जा रहा राष्ट्रीय राजमार्ग, आसान होगा सफर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर और तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के बीच सड़क संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल होने वाली है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि इंदौर को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से जोड़ने वाले गलियारे पर एक महत्वाकांक्षी राजमार्ग का निर्माण कार्य इस साल के आखिर तक पूरा हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट से न केवल यात्रा में समय की बचत होगी बल्कि क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी लगाम लगाएगी।

एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी श्रवण कुमार सिंह ने निर्माण कार्य के निरीक्षण के बाद संवाददाताओं को बताया कि मध्यप्रदेश में बन रहे इंदौर-इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग का काम इस साल दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि चार लेन वाले राजमार्ग के कारण इंदौर और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के बीच यात्रा सुगम हो जाएगी। सिंह ने बताया, ''इस राजमार्ग के कारण इंदौर से महाराष्ट्र के जलगांव होते हुए हैदराबाद के बीच भी गाड़ियों की आवाजाही सुगम होगी।'' इस फोरलेन राजमार्ग के शुरू होने से न केवल हैदराबाद और महाराष्ट्र के जलगांव तक की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बड़ा बूस्ट मिलेगा। इंदौर से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब सफर कम समय में और अधिक आरामदायक होगा।

**सुरक्षित और सुगम यात्रा**– अधिकारियों ने बताया कि इनमें 575 मीटर लंबी भेरूघाट सुरंग, 550 मीटर लंबी चोरल घाट सुरंग और 480 मीटर लंबी बाईग्राम सुरंग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन सुरंगों के निर्माण से वाहन चालकों को ढालदार, संकरे और जोखिमपूर्ण रास्तों से मुक्ति मिलेगी तथा राजमार्ग पर यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाया जा केगा।



#### तीन सुरंगों का निर्माण

अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग के तहत इंदौर के तेजाजी नगर से खरगोन जिले के बलवाड़ा के बीच 33.40 किलोमीटर लंबे खंड में निर्माण कार्य काफी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि यह रास्ता दुर्गम पहाड़ी इलाकों और तीखे ढलान वाले घाटों से होकर गुजरता है। उन्होंने बताया कि इस खंड पर घाट सेक्शन को समाप्त करके सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ब्लास्टिंग तकनीक से तीन सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है।

## ब्रज-वृन्दावन से आए बैंड और रंगमंच के कलाकारों ने फाग गीतों से किया मंत्रमुग्ध



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रविवार की रात बायपास स्थित संपत पैलेस गार्डन परिसर कुछ समय के लिए ही सही, ब्रज और वृन्दावन की मनोहारी लीलाओं के जीवंत उत्सवों का साक्षी बन गया। अवसर था अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति की मेजबानी में शहर के 120 से अधिक अग्रवाल संगठनों की भागीदारी में आयोजित रंगारंग फाग महोत्सव का। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रंगमंच कलाकार वन्दनाश्री एवं उनकी टीम के 32 महिला-पुरुष कलाकारों ने करीब 4 घंटे की इन प्रस्तुतियों के दौरान राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती एवं अन्य देवी देवताओं के स्वरुप में सजे-धजे कलाकारों के माध्यम से गीत और संगीत की स्वर लहरियों के बीच हजारों समाज बंधुओं को खूब थिरकाया। पुष्प वर्षा एवं सुगन्धित रंग-गुलाल, ईत्र, चंदन तथा केशर की वर्षा के बीच समाज बंधुओं ने इस महोत्सव का भरपूर आनंद लिया।

## संकल्प से समाधान' अभियान 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में होगा आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान आगामी 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 63 सेवाओं और 40 योजनाओं के तहत आवेदकों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आयोजित शिविरों में एक लाख 25 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से एक लाख 22 हजार 300 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों की निराकरण की प्रक्रिया भी जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश सरकार सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

## सांसद पर टिप्पणी करने वाला यूपी का एनफ्लूएंसर जतिन क्राइम ब्रांच में पेश, बयान दर्ज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सांसद शंकर लालवानी और भागीरथपुरा कांड को लेकर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले उत्तर प्रदेश के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जतिन शुक्ला सोमवार को इंदौर पुलिस की क्राइम ब्रांच के दफ्तर पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया। सांसद की ओर से की गई शिकायत के बाद इंदौर पुलिस ने जतिन के खिलाफ केस दर्ज किया था और उन्हें इंदौर आकर पेश होने का नोटिस जारी किया था। शुक्ला इंदौर आकर अफसरों से मिले और कहा कि किसी की भावना को आहत करना उनका उद्देश्य नहीं था। इसके पहले भी वह माफी मांग चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं किसी जनप्रतिनिधि की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता था।




## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'अस्मिता' खेल कार्यक्रम का सफल आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के उपलक्ष्य में भारत सरकार की पहल 'अस्मिता' के अंतर्गत आज चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, इंदौर में भव्य खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिदेशक, मेरा युवा भारत पंकज गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना तथा उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर जिले की बड़ी संख्या में बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ शामिल रही। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए टग ऑफ वार (रस्साकशी) तथा अन्य मनोरंजक दौड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को तीन आयु वर्गों में प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान किया गया।

जिनमें 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग शामिल थे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महिला प्रतिभागियों ने NSRS पोर्टल के माध्यम से पंजीयन किया।

## भवानीनगर में निर्माणाधीन मकान गिरा, मलबे में दो मजदूर दबे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र के भवानी नगर में एक निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से दो मजदूर दब गए। मौके पर पहुंचकर उन्हें पुलिस ने निकाला और अरबिंदो अस्पताल पहुंचाया। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। मकान का एक हिस्सा पहले से बना हुआ था और उस पर छत डाली जा रही थी।

तराफे और बल्लियां छत का वजन सह नहीं पाए और भरभरा कर छत गिर पड़ी। मौके पर नगर निगम के अधिकारी भी पहुंचे और नक्शे की जांच की। निर्माण अनुमति के बगैर हो रहा था। छत गिरने के बाद आसपास के रहवासी भी मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने लगे। इस कारण वहां काफी भीड़ हो गई थी। जब मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे तो उन्हें राहत कार्य करने में परेशानी आई। मकान मुख्य मार्ग पर है, इस कारण ट्रैफिक भी बाधित हो रहा



था। रहवासियों का आरोप है कि वे मदद कर रहे थे, लेकिन कुछ पुलिस जवानों ने उनके साथ अभद्रता की।

यह मकान किसी जैन परिवार का बताया जा रहा है। प्लॉट के पिछले हिस्से में पुराना निर्माण था और आगे के हिस्से में नए निर्माण के साथ छत डाली जा रही थी। छत के मलबे को हटाकर पुलिस ने दबे मजदूरों को बाहर निकाला। अफसरों का कहना है कि यदि निर्माण में लापरवाही पाई जाती है तो भवन मालिक और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 10 मार्च 2026

न्यूज ब्रीफ

### अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति का अटूट संकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जिला न्यायालय परिसर में इंदौर अभिभाषक संघ की कार्यकारणी सदस्या नेहा रुहेला, दीपाली बेरी, नेहा रावत जैन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर प्रशासनिक न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला के मुख्य अतिथि सपन्न हुआ जिसमे महिलाओं के समाज मे बढ़ती सक्रियता सहित उनके अतुलनीय योग्यता को सराहा गया इस अवसर पर प्रधान जिला व सत्र न्यायधीश इंदौर श्री अजय श्रीवास्तव जी सहित जिला व सत्र न्यायधीश शुभ्रा सिंह सहित इंदौर अभिभाषक संघ इंदौर अध्यक्ष एल.एल यादव उपाध्यक्ष जितेंद्र नीम व सचिव कपिल बिरथरे सहसचिव विजय व्यास, कोषाध्यक्ष पुरषोत्तम सोमानी, सहित कार्यकारणी सदस्यगण जितेंद्र यादव, महेश सोनगरा , उमंग मीठा, सहित भारी संख्या न्यायधीशगण अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

### तिरुमला टावर रहवासी संघ ने लड्डू गोपाल की साक्षी में मनाया रंगोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • एयरपोर्ट रोड स्थित तिरुमला टावर में निवास करने वाले 100 से अधिक परिवारों ने रंगपंचमी महोत्सव के अंतर्गत भगवान लड्डू गोपाल का श्रृंगार कर उनके साथ फूलों की होली खेली। रहवासी संघ के अध्यक्ष योगेश होलानी एवं रितेश टेलर ने बताया कि लड्डू गोपाल को अपने-अपने फ्लैट्स से सजाकर भवन के कैंपस में लाकर उन्हें शाही आसन पर विराजित कर उनकी साक्षी में फाग गीतों और भजनों की प्रस्तुति के बीच फूलों से होली खेली गई। रहवासियों ने शहर को नौंवीं बार स्वच्छता में अग्रणी बनाने में सहयोग करने का संकल्प भी व्यक्त किया। बड़ी संख्या में टावर के रहवासियों ने उत्साह के साथ इस उत्सव में भाग लिया।

### संपन्न मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ के सहयोगी बंधुओं का सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में सोमवार को मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ तथा महाभंडारे के दिव्य आयोजन में सहयोग देने वाले 25 गांवों के सहयोगी बंधुओं का सम्मान कर होली एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी ललित अग्रवाल, अनुष्ठान के मुख्य यजमान नानूराम चौधरी, डॉ. सुरेश चोपड़ा, सुधीर अग्रवाल, सीताराम नरेडी, देवेन्द्र सांखला, अशोक कुमावत, विष्णु चौधरी का विशेष रूप से गरिमापूर्ण सम्मान किया गया। यह आयोजन धरावरा धाम के साकेतवासी संस्थापक महंत घनश्याम दास महाराज की 17वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में किया गया था। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने मांगलिक प्रसंगों में जूठन नहीं छोड़ने की शपथ भी महंत शुकदेव दास महाराज के आग्रह पर ग्रहण की।

# संसद में गूँजा संविदा का मुद्दा...!

- आऊट सोर्स में आरक्षण की माँग...!
- डॉ सुमेर सिंह सोलंकी ने आउटसोर्स और संविदा नियुक्तियों में आरक्षण लागू करने की मांग राज्यसभा में उठाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने आज राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सरकारी विभागों में आउटसोर्स और संविदा के माध्यम से हो रही नियुक्तियों में आरक्षण व्यवस्था लागू करने का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्तमान में देश और राज्यों के विभिन्न सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियाँ आउटसोर्सिंग और संविदा के आधार पर की जा रही हैं, लेकिन इन भर्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है, जो सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है।

डॉ. सोलंकी ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15(4) और 16(4) सामाजिक न्याय और समान अवसर की गारंटी देते हैं, लेकिन आउटसोर्स और संविदा नियुक्तियों में इन प्रावधानों की भावना को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि सफाई कर्मी, डेटा एंट्री ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, तकनीकी सहायक जैसे पदों से लेकर क्लर्क और इंजीनियर तक की नियुक्तियाँ भी ठेके या आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जा रही हैं, जहाँ न तो आरक्षण की व्यवस्था है और न ही रोजगार की स्थिरता या सामाजिक सुरक्षा।

उन्होंने सदन को अवगत कराया कि इसका सीधा प्रभाव अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के युवाओं पर पड़ रहा है। इन वर्गों के युवाओं को न तो स्थायी रोजगार मिल पा रहा है और न ही उन्हें आरक्षण का लाभ मिल रहा है, जिससे उनमें निराशा और असंतोष बढ़ रहा है।

डॉ. सोलंकी ने बताया कि एक अनुमान के अनुसार देश में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और विभिन्न संस्थाओं में लगभग 10 से 15 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में संविदा, ठेका या आउटसोर्स व्यवस्था के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल मध्यप्रदेश में ही लगभग दस लाख लोग इस व्यवस्था में काम कर रहे हैं।

राज्यसभा सांसद ने यह भी कहा कि संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई कर्मचारी 10 से 15 वर्षों तक कार्य करने के बावजूद स्थायी नहीं हो पाते, ठेकेदार बदलते ही कर्मचारियों को हटा दिया जाता है, कई स्थानों पर सरकार द्वारा स्वीकृत वेतन से भी कम भुगतान किया जाता है और कई कर्मचारियों को महीनों तक वेतन नहीं मिल पाता। इसके साथ ही उनसे लंबे समय तक कार्य लिया जाता है, लेकिन न तो ओवरटाइम का भुगतान मिलता है और न ही पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा। डॉ. सोलंकी ने यह भी उल्लेख किया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की रिपोर्टों में भी इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है कि आउटसोर्स और संविदा नियुक्तियों में आरक्षण व्यवस्था लागू नहीं हो रही है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आउटसोर्स और संविदा के माध्यम से की जाने वाली सभी भर्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। साथ ही वर्तमान में चल रही ऐसी सभी भर्तियों की समीक्षा की जाए और इस विषय पर एक उच्चस्तरीय संसदीय समिति का गठन किया जाए। डॉ. सोलंकी ने कहा कि यदि देश को वास्तव में सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है तो इस विषय पर गंभीरता से विचार कर ठोस और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि समाज के वंचित वर्गों के युवाओं को भी समान अवसर और सुरक्षित भविष्य मिल सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेगी और सामाजिक न्याय की भावना को सशक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

## उज्जैन नगर निगम सम्मेलन में 7 प्रस्ताव पास:महाकाल लोक परिसर में बने नए सेतु का नाम 'अशोक सेतु' होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • नगर निगम के विशेष सम्मेलन में सोमवार को 7 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में महाकाल लोक परिसर में बने नए सेतु का नाम 'अशोक सेतु' रखने का निर्णय लिया गया। इस विशेष सम्मेलन में महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और नगर निगम के पार्षद रहे। बैठक में कार्यसूची के विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा के बाद सभी 7 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली।सम्मेलन में श्री महाकाल लोक परिसर में नवनिर्मित सेतु का नाम 'अशोक सेतु' रखने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। इसके अतिरिक्त, वी.डी. मार्केट तेलीवाड़ा से ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया तक सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले भवनों के मालिकों को मुआवजा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मप्र आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के तहत शहर में आउटडोर मीडिया डिवाइस लगाने के लिए अनुज्ञप्ति शुल्क भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत आगर रोड वार्ड 3 में सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल परिवर्तन और जर्जर भवन को तोड़ने से संबंधित प्रस्ताव को एमआईसी को पुन: भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, भोपाल द्वारा सीएसआर गतिविधि के तहत उज्जैन शहर में पांच अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। हरिफाटक मार्ग से महाराजवाड़ा स्कूल क्रमांक 2 होते हुए महाकाल पार्किंग तक सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित हितग्राहियों को संशोधित मुआवजा देने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया।

## घर-घर रंगोली और दीप सजाकर साई बाबा की पालकी एवं प्रभात फेरी की भव्य अगवानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे सांई बाबा महोत्सव में सोमवार को अन्नपूर्णा क्षेत्र में पार्श्वनाथ कॉलोनी तथा आसपास के क्षेत्रों में निकली बाबा की पालकी का घर-घर जबर्दस्त आत्मीय स्वागत हुआ। अधिकांश घरों पर रंगोली सजाकर दीप लगाए गए और आतिशबाजी भी हुई। पालकी जहां-जहां से निकली, भक्तों का सैलाब प्रभातफेरी के साथ जुड़ता चला गया। सांई बाबा के सर्वधर्म समभाव के संदेश के अनुरूप प्रभातफेरी में आयो लाल झूले लाल और साईं बाबा के जयघोष का दौर भी पूरे समय चलता रहा। श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव और आलोक खादीवाला ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ साईं भक्त नरेश कारडा एवं राजू अगवाने के पार्श्वनाथ नगर, केशरबाग चौकी स्थित निवास पर पालकी के पूजन के साथ हुआ। जैसे-जैसे बाबा के भक्तों का काफिला आगे बढ़ता गया, स्वागत और अगवानी तथा पूजन का सिलसिला भी बढ़ता चला गया। यात्रा में शामिल साईं भक्तों और क्षेत्र के रहवासियों ने पूरे क्षेत्र को रंगोली, दीपों और फूलों से सजाया था। युवाओं और युवतियों तथा महिलाओं ने रंग गुलाल उड़ाकर क्रिकेट में भारत की जीत का जश्न भी मनाया। इस दौरान साईं भक्तों को गुरुवार 26 मार्च को बड़ा गणपति से छत्रीबाग साईं मंदिर तक साईं भक्त ब्रह्मलीन विनिता पाठक की स्मृति में निकाली जाने वाली पालकी यात्रा का न्योता भी दिया गया।

## शिवपुराण जैसे धर्म ग्रंथ नई पीढ़ी का मार्गदर्शन कर उन्हें चैतन्य बनाते हैं -पं. विष्णुदत्त शर्मा

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • मन में पुण्यों का प्रवेश तभी संभव होगा, जब पाप हटेंगे। कलियुग में बहुत सी विसंगतियां बढ़ रही हैं। यज्ञ, कथा और पुण्य कार्यों की प्रवृत्तियां घटने लगी हैं। शिव पुराण जैसे धर्मग्रंथ हमारी नई पीढ़ी का भी मार्गदर्शन कर उन्हें चैतन्य बनाते हैं, इसीलिए इनका नियमित मनन-मंथन करना चाहिए। जैसा बीज होगा, फसल भी वैसी ही मिलेगी। यही स्थिति हमारे कर्मों की भी होती है, जहां हम जैसे कर्म करेंगे, वैसे फल मिलेंगे। शिव पुराण की कथा जीव मात्र के लिए कल्याणकारी मानी गई है। ये दिव्य विचार हैं प्रख्यात आचार्य पं. विष्णुदत्त शर्मा महर्षि के, जो उन्होंने सोमवार को श्रीनगर मेन स्थित गार्डन पर खत्री महिला मंच एवं खत्री सभा इंदौर की मेजबानी में आयोजित महाशिवपुराण कथा के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए। इसके पूर्व सुबह बीमा नगर स्थित गोपाल मंदिर से कथा स्थल तक बैंड-बाजों, भजन एवं गरबा मंडलियों सहित कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष पारंपरिक परिधान में शामिल हुए। पवित्र नदियों के जल से भरे कलश को मस्तक पर धारण कर मातृशक्ति सहित कलश यात्रा कथा स्थल पहुंची, जहां सभा के अध्यक्ष प्रदीप बिरदी, महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती रीता टंडन, ममता सेठ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ एवं शिवपुराण ग्रन्थ का पूजन किया। शोभायात्रा का भी जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कथा में पहले दिन ही भजनों पर भक्तों के नाचने गाने का सिलसिला शुरू हो गया।

### चमेलीदेवी अग्रवाल अन्न क्षेत्र एवं सत्संग भवन का लोकार्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • धर्म नगरी अयोध्या के रामसेवकपुरम में रविवार को विश्व हिन्दू परिषद की महत्वपूर्ण सेवा परियोजना के तहत निर्मित यात्री निवास एवं चमेली देवी अग्रवाल अन्न क्षेत्र तथा सत्संग भवन का भव्य लोकार्पण समारोह जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य महाराज के सानिध्य में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख श्री विनोद अग्रवाल ने विहिप के अनेक गणमान्य पदाधिकारियों तथा संत महात्माओं की उपस्थिति में किया। यह सेवा परियोजना 3 प्रमुख भवनों के रूप में देश-विदेश से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन, आवास और आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए समुचित सुविधाएँ उपलब्ध कराने के पावन उद्देश्य से निर्मित की गई है। इस संकुल में कुल 148 सुसज्जित आवासीय फ्लैट देश-विदेश से आने वाले भक्तों को उपलब्ध रहेंगे।

### आंगनवाड़ी भवन पर सरपंच ने खुद का नाम लिखवाया, खाचरोद में ग्रामीण बोले- सरकारी संपत्ति निजी जैसी दिखने लगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •खाचरोद जनपद पंचायत के लोहचितारा गांव में नवनिर्मित सरकारी आंगनवाड़ी भवन पर सरपंच का नाम लिखे जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत के बनाए गए इस भवन पर सरपंच ने अपना नाम स्थायी रूप से लिखवा दिया है, जिसे लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। महिला और बाल विकास विभाग ने लोहचितारा गांव में करीब 11 लाख 22 हजार रुपए की लागत से यह आंगनवाड़ी भवन बनवाया है। इस काम की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत गोठड़ा की थी। भवन का काम पूरा होते ही सरपंच गजेंद्र दरबार सिंह राठौर ने इसके छज्जे पर सीमेंट से बड़े अक्षरों में अपना नाम लिखवा दिया। जानकारों और ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी भवनों पर आमतौर पर सूचना पट्ट या शिलालेख (पत्थर) लगाया जाता है, जिस पर काम की लागत, योजना और जनप्रतिनिधियों के नाम होते हैं। लेकिन किसी एक व्यक्ति का नाम स्थायी रूप से भवन पर इस तरह लिखवाना नियमों के खिलाफ है।

### महामंडलेश्वर को हनीट्रैप में फंसाने की साजिश, 50 हजार रुपए का लालच देकर बनारस से बुलाई महिला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • उज्जैन के प्रसिद्ध चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद महाराज को झूठे रेप केस (हनी ट्रैप) में फंसाकर ब्लैकमेल करने की साजिश का खुलासा हुआ है। मामले में पूर्व महामंडलेश्वर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। दोनों पर बनारस की एक महिला को लालच देकर झूठा आरोप लगवाने की साजिश रचने का आरोप है। पूछताछ में सामने आया कि बनारस निवासी महिला को साजिश में शामिल किया था। महामंडलेश्वर शांति स्वरूपानंद महाराज को बलात्कार के झूठे मामले में फंसाकर ब्लैकमेल करने की योजना बना रहे थे। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार, रंगपंचमी के दिन दत्त अखाड़ा परिसर में कुछ संदिग्ध लोगों के पकड़े जाने की सूचना मिली थी। महंत आनंदपुरी महाराज ने पकड़े गए लोगों को पुलिस के हवाले किया।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# स्वीमिंग पूल का काम खत्म, अब शुभारंभ का इंतजार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • कोठी रोड पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्वीमिंग पूल का काम पूरा हो गया है। अब सिर्फ बाहर लगाए खूबसूरत लैम्प और प्रवेश द्वारों पर लाइटिंग का काम किया जा रहा है जो भी जल्द पूरा हो जाएगा। गर्मी के इसी सीजन में शुभारंभ होने के बाद शहरवासी इसमें तैराकी का मजा ले सकेंगे। दरअसल, नगर निगम का नया स्वीमिंग पूल अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पैमानों पर बनाया गया है। पूल की लंबाई 50 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है, जबकि इसकी गहराई 4.50 फीट से 6.50 फीट तक है।

इसी के समीप वॉर्मअप पूल भी बनाया गया है जिसकी लंबाई 12 फीट और चौड़ाई 6 फीट है, जबकि गहराई 3 फीट से 4.50 फीट तक है। पहले जगह की कमी के कारण पूल की साइज 21 बाय 50 मीटर ही थी लेकिन बालोद्यान की कुछ जगह को बढ़ाकर इसकी साइज 25 बाय 50 मीटर कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया। हालांकि, वर्ष 2025 में गर्मी के सीजन में इसे शुरू



करने की योजना थी लेकिन काम पूरा नहीं होने के चलते यह आगे बढ़ गया। अब तैराकी के शौकीनों को इसके शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। आपको बता दें कि कुछ समय पहले महापौर मुकेश टटवाल ने भी यहां का निरीक्षण कर जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए थे।

**दर्शक दीर्घा भी तैयार**-पूल की बिल्डिंग की छत पर दर्शक दीर्घा बनाकर उस पर केनोपी लगाई गई है। यहां आने वाले दर्शकों के लिए सीट्स लगाई गई है जिसका रंग नीला और ऑरेंज है। केनोपी का काम पिछले माह फरवरी में ही खत्म हुआ है।

**टाइल्स की जगह कोबल**-स्वीमिंग पूल के बाहर परिसर में जो फ्लोरिंग की गई है, इसका अलग से टेंडर निकाला गया था। यहां टाइल्स की जगह पत्थर से बने कोबल से फ्लोरिंग की गई है जो देखने में भी काफी सुंदर होते हैं। साथ ही मजबूत भी होते हैं।

**दीवारों पर नैचर का नजारा**-पूल में तैराकी करने वालों को बेहतर माहौल मिले इसलिए इसकी अंदरुनी दीवारों पर चित्रकारी की गई है। दीवारों पर नैचर से प्रेरित होकर फूल और पत्तियां के चित्र बनाए गए हैं जो देखने में बेहद खूबसूरत लगते हैं।

### 5 साल पहले किया था बंद

जहां नया तरणताल बना है, उस जगह पहले वर्ष 1969 में बना तरणताल था।इस तरणताल को पांच वर्ष पहले नगर निगम ने बंद कर दिया था। इसकी वजह मेंटेनेंस खर्च भारी पडऩा, रुपया खर्च करने पर भी पुल का पानी साफ नहीं रहना और लोगों के लिए पुल में तैराकी करना खतरनाक हो जाना रही।

## सम्पादकीय

### होर्मुज संकट और युद्ध की आंच, तेल आपूर्ति पर खतरा, भारत खोज रहा नए ऊर्जा विकल्प

व्यापार समझौते में अमेरिका ने जिस तरह भारत के सामने रूस से तेल नहीं खरीदने की शर्त लगाई, उससे स्थितियां ज्यादा जटिल हुईं। मगर युद्ध की वजह से पैदा हुई नई परिस्थिति में इस संदर्भ में फैसला लेने के लिए भारत स्वाभाविक ही अपनी जरूरतों के मुताबिक कदम बढ़ा रहा है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध में एक ओर इजराइल-अमेरिका की तरफ से हमले में ईरान के तेल उत्पादन केंद्रों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो रही है, तो दूसरी ओर ईरान के जवाब की जद में भी कतर, बहरीन और सऊदी अरब जैसे खाड़ी के कई तेल उत्पादक देश आ रहे हैं। इसके अलावा, ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को जिस तरह बाधित कर दिया है, उसका मुख्य असर तेल की आपूर्ति पर पड़ना शुरू हो चुका है। हमलों की तीव्रता अगर बनी रही, तो केवल भारत नहीं, समूचे एशिया में तेल और गैस की कीमतें काफी बढ़ सकती हैं। एशिया के कई विकासशील देश शायद इसका बोझ नहीं उठा पाएंगे और नतीजतन उन्हें अपने यहां तेल और गैस की मांग को घटाने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में भारत के सामने भी अपने तेल और गैस की जरूरत भर आपूर्ति को बनाए रखने की बहुस्तरीय चुनौती आ खड़ी हुई है। तेल खरीद के मोर्चे पर भारत जिन नई परिस्थितियों से दो-चार है, उसमें अब स्वाभाविक ही नए विकल्प तैयार करना वक्त का तकाजा है। दरअसल, व्यापार समझौते में अमेरिका ने जिस तरह भारत के सामने रूस से तेल नहीं खरीदने की शर्त लगाई, उससे स्थितियां ज्यादा जटिल हुईं। मगर युद्ध की वजह से पैदा हुई नई परिस्थिति में इस संदर्भ में फैसला लेने के लिए भारत स्वाभाविक ही अपनी जरूरतों के मुताबिक कदम बढ़ा रहा है। शायद यही वजह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता रोके जाने के बाद पैदा होने वाली स्थिति के मद्देनजर भारत को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए रूस या अन्य विकल्प की ओर देखने को लेकर अमेरिका ने नरम रुख अख्तियार किया है। गौरतलब है कि भारत में एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस का पचास फीसद खाड़ी देशों से आता है, जिसका उपयोग बिजली उत्पादन और खाद बनाने में किया जाता है। इसी तरह एलपीजी का साठ फीसद इन्हीं देशों से आता है। मगर जब से ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को बाधित किया है, तब से तेल और गैस की सहज आपूर्ति पर इसका व्यापक असर पड़ा है। हमले के कई दिनों बाद भी दोनों पक्षों की ओर से युद्ध विराम के लिए किसी तरह की पहल करने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में दुनिया के एक बड़े हिस्से में तेल और गैस का संकट खड़ा हो सकता है।

# यूपीएससी टॉपर्स: व्यक्तिगत सफलता नहीं, राष्ट्र की विरासत रच रहे हैं




आज का प्रत्येक प्रयास राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा रचता है। यूपीएससी में सफलता अब केवल व्यक्तिगत गौरव या अंकों का प्रतीक नहीं रही; यह देशभक्ति और दूरदर्शी दृष्टि का अटूट प्रतीक बन गई है। टॉपर्स अपने अध्ययन के हर क्षण, प्रत्येक विश्लेषण और हर उत्तर में कल की नीतियों, सतत विकास और समावेशी समाज के बीज अंकुरित करते हैं। उनके लिए सिविल सेवा सिर्फ़ एक करियर नहीं, बल्कि राष्ट्र के सपनों को वास्तविकता में ढालने की तीव्र और गहन यात्रा है। वर्तमान के जटिल संकट-समानता की चुनौतियाँ, पर्यावरणीय आपात स्थिति, डिजिटल विभाजन-उनकी दृष्टि में कल के अवसरों में परिवर्तित हो जाते हैं। यही दूरदर्शिता उन्हें विशिष्ट बनाती है; उनके अध्ययन का हर क्षण राष्ट्र के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की स्पष्ट झलक प्रस्तुत करता है। राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले टॉपर्स यह मानते हैं कि सिविल सेवा केवल प्रशासन का यंत्र नहीं, बल्कि न्याय, स्वतंत्रता और समानता जैसे संवैधानिक मूल्यों को साकार करने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। उनके दृष्टिकोण में आज का समर्पित अध्ययन कल के प्रशासन के मजबूत और अडिग स्तंभों का निर्माण करता है। उनके उत्तर केवल तथ्यों का संग्रह नहीं; उनमें सामाजिक संवेदनशीलता, जन-कल्याण की गहराई और पर्यावरण संरक्षण की स्पष्ट झलक प्रकट होती है। वे जानते हैं कि वास्तविक सफलता वही है जो समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्ग तक पहुँचे। यही सेवा का उत्कट जुनून उनकी रणनीति, तैयारी और उत्तर लेखन में निरंतर चमकता है।

टॉपर्स पुराने अध्ययन को केवल याद करने का औजार नहीं मानते; वे इसे वैश्विक संदर्भ और भविष्य की जटिल चुनौतियों—एआई के नैतिक प्रयोग, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता—से जोड़ते हैं। उनके लिए इंटरव्यू और उत्तर मंच सिर्फ परीक्षा का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दूरदर्शी सोच प्रदर्शित करने का अवसर हैं। 'विकसित भारतञ्च2047' जैसे विज़न उनके अध्ययन और चिंतन में समाहित हैं—एक ऐसा भारत जहाँ नवाचार, समावेशिता और सतत विकास सामंजस्यपूर्ण रूप से फलते-फूलते हैं। यही दूरदर्शिता उन्हें प्रेरित करती है कि आज का प्रत्येक उत्तर कल की नीति और राष्ट्र निर्माण का अडिग आधार बने।

सफलताओं और असफलताओं के बीच टॉपर्स हर अनुभव को अवसर की दृष्टि से देखते हैं। वे जानते हैं कि राष्ट्र सेवा में धैर्य, करुणा और लचीलापन अनिवार्य गुण हैं। उनके दृष्टिकोण में यूपीएससी केवल परीक्षा नहीं, बल्कि समाज से गहन जुड़ाव और संवाद की प्रक्रिया है। महिला सशक्तिकरण, युवा बेरोजगारी और ग्रामीण-शहरी असमानता जैसे जटिल सामाजिक मुद्दों को वे सूक्ष्मता से समझते हैं। यही गहरा जुड़ाव उन्हें नई सोच और संवेदनशील दृष्टि प्रदान करता है, जहाँ सेवा केवल ड्यूटी नहीं, बल्कि जीवन का सर्वोच्च आदर्श बन जाती है। उनकी सफलता इसी मानवीय समझ और भावनात्मक गहराई की झलक से दमकती है। टॉपर्स मानक तरीकों में फँसकर नहीं रहते; वे माइंड मैप्स, केस स्टडीज और विचार-विमर्श के माध्यम से ज्ञान को जीवंत बनाते हैं। जीएस-4 (एथिक्स) उनके लिए केवल एक पेपर नहीं, बल्कि ईमानदारी, जवाबदेही और नैतिक निर्णयों का दैनिक अभ्यास है। उनके दृष्टिकोण में कल का भारत ऐसा देश होगा जहाँ प्रशासन नवाचार से सुसज्जित हो और भ्रष्टाचार का कोई स्थान न हो। रचनात्मक सोच उन्हें यह समझाती है कि आज की मेहनत, रणनीति और समर्पण ही कल की मजबूत, न्यायपूर्ण और प्रगतिशील दुनिया की नींव रखेगी। सेवा की यह गहन भावना उनके रचनात्मक प्रयासों को निरंतर ऊर्जा और दिशा प्रदान करती है।

राष्ट्र के निर्माण की गहन भावना में टॉपर्स लगातार स्वयं से पूछते हैं— 'मैं अपने देश के लिए क्या योगदान दे सकता हूँ?' यह आत्म-चिंतन उन्हें नई सोच, दूरदर्शिता और स्थायी दृष्टिकोण प्रदान करता है, जहाँ व्यक्तिगत विकास और राष्ट्र का विकास अविभाज्य रूप से जुड़ जाते हैं। वे समझते हैं कि सिविल सेवा में पद की शक्ति नहीं, बल्कि सेवा की शक्ति ही वास्तविक मूल्य है। उनके दृष्टिकोण में भविष्य का भारत संवेदनशील, निष्पक्ष और दूरदर्शी अधिकारियों के प्रेरक नेतृत्व में आकार लेगा। यही गहन आत्म-विश्लेषण उन्हें प्रेरित करता है कि आज का हर प्रयास कल के उज्ज्वल, सशक्त और न्यायपूर्ण राष्ट्र की नींव बने।

टॉपर्स आधुनिक तकनीक और ज्ञान के हर साधन का लाभ उठाते हैं—ऑनलाइन संसाधन, एआई टूल्स और अंतरराष्ट्रीय केस स्टडीज—ताकि भविष्य की जटिल चुनौतियों को आज ही समझा और हल किया जा सके। उनके लिए यूपीएससी केवल परीक्षा नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के बीच एक सशक्त सेतु है। वे सेवा को वैश्विक संदर्भ में देखते हैं—डिजिटल समावेश, जलवायु न्याय और सतत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। यही दूरदर्शी और आधुनिक दृष्टि उन्हें विशिष्ट बनाती है, जहाँ उनकी तैयारी केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल और समृद्ध कल की अडिग नींव बन जाती है।

राष्ट्र निर्माण की दिशा में टॉपर्स की सफलता उनकी दूरदर्शिता का स्पष्ट साक्ष्य है—वे परीक्षा को केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि मिशन मानते हैं और सेवा की गहन भावना से प्रेरित होकर नयी सोच और रणनीतियाँ अपनाते हैं। उनकी यह यात्रा स्पष्ट संदेश देती है कि सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति और समाज के समग्र उत्थान से अभिन्न रूप से जुड़ी होती है। यूपीएससी की प्रक्रिया उनके लिए केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि सामूहिक सपनों और दूरदर्शी विचारों का प्रारंभिक मंच है। हमें भी इस दृष्टि को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए—जहाँ हर प्रयास भारत के उज्ज्वल, सशक्त और समृद्ध भविष्य के लिए समर्पित हो। सेवा की यह लौ अनंत और अटूट है, क्योंकि यह राष्ट्र के सपनों की वास्तविक और अमिट अग्नि है।

**-कृति आरके जैन**

## सफाई में नंबर-वन इंदौर: क्या हमारी बेटियों की नियति सिर्फ झाड़ू तक सीमित है

भोर के चार बजे हैं। भंवरकुआं चौराहे की सर्द हवाओं के बीच एक महिला अपनी पीठ पर दुधमुंहे बच्चे को कपड़े से बांधे सड़क बुहार रही है। वह शहर को फिर से नंबर वन बनाने के लिए अपना पसीना बहा रही है। राजवाड़ा पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के होर्डिंग्स लग चुके हैं, जिनमें उसे 'स्वच्छता की शक्ति' कहकर महिमामंडित किया जा रहा है। लेकिन इस प्रशंसा के शोर में एक कड़वा सवाल दफ़न है: क्या इंदौर ने उसे उसकी निष्ठा के बदले सुरक्षा और समान अवसर का नंबर वन मंच दिया है, या हमने उसे केवल एक श्रम-साधन बनाकर छोड़ दिया है।

**प्रशंसा का छलावा और नेतृत्व का शून्य** - यह विरोधाभास ही इंदौर की असली त्रासदी है। हम गर्व से सीना चौड़ा करते हैं कि इंदौर के सफाई बेड़े में 60% भागीदारी महिलाओं की है। लेकिन जैसे ही हम पदानुक्रम की सीढ़ियां चढ़ते हैं, यह प्रतिशत किसी बर्फीली ढलान की तरह गिर जाता है। स्टार्टअप्स के बोर्डरूम हों, बड़े व्यापारिक घरानों के निर्णयकारी पद हों या नगर की नीति-निर्माता मेजें, वहाँ ये प्रतिशत कहाँ गायब हो जाती हैं। सच्चाई यह है कि हमने महिलाओं को सफाई मित्र के रूप में तो स्वीकार कर लिया, क्योंकि वहां शारीरिक श्रम और त्याग की आवश्यकता थी, लेकिन नेतृत्व-मित्र के रूप में उन्हें आज भी अदृश्य दीवारों का सामना करना पड़ रहा है।

**महानगर की असुरक्षा और दोहरी मार** - इंदौर मेट्रोपोलिटन सीटी बनने की अंधी दौड़ में तेज भाग रहा है, लेकिन बुनियादी ढांचा आज भी पितृसत्तात्मक चश्मे से बना है। रात 10 बजे के बाद एक कामकाजी महिला के लिए सार्वजनिक परिवहन आज भी जुए जैसा है, कभी मिलता है, कभी नहीं, और जब मिलता है तो पूर्णत: सुरक्षित नहीं होता। एक तरफ हम देवी अहिल्याबाई की विरासत का ढोल पीटते हैं, और दूसरी तरफ शहर के पॉश इलाकों में भी बढ़ते कैट-कॉलिंग और छेड़छाड़ के मामले हमारी आधुनिकता के गाल पर तमाचा हैं। हम उन्हें शक्ति कहकर पूजते तो हैं, पर उन्हें आधी रात को सड़क पर बेखौफ चलने वाली नागरिक मानने से आज भी कतराते हैं। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, इंदौर में महिला श्रम भागीदारी दर (स्त्रक्क) राष्ट्रीय औसत से बेहतर है, लेकिन यह गुलाबी आंकड़ा एक गहरे सच को छिपाता है, इंदौर की मध्यमवर्गीय और श्रमिक महिला आज भी घर और दफ्तर की दोहरी चक्की में पिस रही है, क्योंकि शहर में किफायती और सुरक्षित कम्युनिटी क्रैच (सामुदायिक शिशु गृह) और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी का भयावह अभाव है।

**खोखली वाहवाही नहीं, ठोस नीति चाहिए** -यदि इंदौर वास्तव में महिलाओं के लिए नंबर वन बनना चाहता है, तो प्रशासन को आत्म-मुग्धता छोड़कर ये तीन कड़े कदम उठाने होंगे:

**अहिल्या शक्ति कॉरिडोर:** हर वार्ड में प्रतीकात्मक पिंक जोन बनाने के बजाय जेंडर-रिस्पॉन्सिव अर्बन प्लानिंग लागू हो। रात की पाली में काम करने वाली महिलाओं के लिए डेडीकेटेड शटल सेवा और हर 500 मीटर पर पैनिक बटन युक्त स्मार्ट लाइटिंग हो।

**सफाई मित्रों का कौशल उन्नयन:** जो महिलाएँ वर्षों से सफाई कार्य में हैं, उन्हें केवल मजदूरी के जाल में न फंसाया जाए। उनके लिए मुफ्त कौशल उन्नयन कानूनन अनिवार्य हो, ताकि वे सुपरवाइजर, डेटा ऑपरेटर या प्रशासनिक पदों तक पहुंच सकें। सफाई उनके करियर का अंत नहीं, शुरुआत होनी चाहिए।

**अनिवार्य कॉर्पोरेट सुरक्षा ऑडिट:** जैसे हम स्वच्छता की रैंकिंग करते हैं, वैसे ही इंदौर के हर स्टार्टअप और निजी संस्थान के लिए महिला सुरक्षा और लैंगिक समानता ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करना अनिवार्य हो।

देवी अहिल्याबाई होल्कर की महानता केवल मंदिरों के जीर्णोद्धार में नहीं, बल्कि उनके द्वारा स्थापित उस न्याय-प्रणाली में थी जहाँ एक साधारण स्त्री भी निर्भय होकर अपनी बात रख सकती थी। आज महिला दिवस पर इंदौर को अपनी पीठ थपथपाना बंद करना चाहिए। विकास का अर्थ केवल ऊंची इमारतें और चमकती सड़कें नहीं है। यदि रात को शिफ्ट खत्म कर घर लौटती एक आईटी प्रोफेशनल या सुबह सड़क बुहारती एक माँ असुरक्षित महसूस करती है, तो वह विकास अपूर्ण है। - **राजकुमार जैन** (स्वतंत्र विचारक)

## आंचलिक

### आशा कार्यकर्ताओं को 4 माह से मानदेय नहीं मिला



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • आशा और आशा पर्यवेक्षकों को पिछले चार माह से मानदेय नहीं मिला है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा और तत्काल भुगतान की मांग की। आशा, उषा सहयोगिनी कार्यकर्ता संगठन की जिलाध्यक्ष रेखा रनसोरे के नेतृत्व में 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। उन्होंने दिसंबर से अब तक के मानदेय का तुरंत भुगतान करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे ग्रामीण स्तर पर पूरी ईमानदारी से अपना काम कर रही हैं, लेकिन उनके भुगतान में लंबे समय से अनियमितता और देरी हो रही है। इस कारण सभी आशा और आशा पर्यवेक्षकों को आर्थिक और व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि आशा और आशा पर्यवेक्षकों को महीने की 5 तारीख तक भुगतान मिल जाएगा। हालांकि, जमीनी स्तर पर उन्हें 15 तारीख तक भी मानदेय नहीं मिल पा रहा है। कार्यकर्ताओं ने इस अव्यवस्था को ठीक करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### गैस सिलेंडर महंगाई के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में सोमवार देर शाम खंडवा शहर कांग्रेस कमेटी ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केवलराम चौराहे पर गैस सिलेंडर की पूजा की और पारंपरिक चूल्हे पर चाय बनाकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को चाय भी पिलाई गई। संदेश दिया कि यदि गैस की कीमतों में कमी नहीं की गई तो लोग फिर से पारंपरिक ईंधन की ओर लौटने को मजबूर होंगे। इस प्रदर्शन का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। कांग्रेस ने कहा कि रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों ने आम लोगों, खासकर गृहिणियों के बजट को बुरी तरह प्रभावित किया है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार की कमजोर नीतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। यदि गैस सिलेंडर के दाम इसी तरह बढ़ते रहे तो लोगों को मजबूरन फिर से चूल्हे पर खाना बनाना पड़ेगा। महिला अध्यक्ष हेमलता पालीवाल ने कहा कि देश की जनता महंगाई से परेशान है, लेकिन सरकार कीमतें कम करने के बजाय लगातार बढ़ा रही है। इससे साफ है कि सरकार को आम लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों का फायदा बड़े उद्योग समूहों को मिल रहा है, जबकि आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन देशों को भारत पेट्रोल, डीजल और गैस सप्लाई करता है, वहां कीमतें अपेक्षाकृत कम हैं, जबकि देश में ही लोगों को ज्यादा दाम चुकाने पड़ रहे हैं।

### बाहर काम करने जा रहे लोग, गांव में मजदूर कम, मशीनों से कटवाना पड़ रही गेहूं की फसल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • जिले में हर साल बड़े पैमाने पर ग्रामीण मजदूरों का दूसरे राज्यों में पलायन होता है। इस वर्ष भी मजदूरों की कमी के कारण किसानों को खेतों में गेहूं कटाई के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसे में कई किसान अब मशीनों का उपयोग कर रहे हैं। नेपानगर तहसील के ग्रामीण इलाकों में गेहूं कटाई का काम जोरों पर है, लेकिन मजदूरों की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। ग्रामीण मजदूरों का रोजगार की तलाश में शहरों की ओर बढ़ता पलायन इसका मुख्य कारण है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पहले खेती-किसानी के लिए पर्याप्त मजदूर उपलब्ध होते थे। गेहूं, सोयाबीन और मक्का जैसी फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक का अधिकांश काम मजदूरों द्वारा ही किया जाता था। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में बेहतर रोजगार, अधिक मजदूरी और स्थायी काम की तलाश में कई ग्रामीण मजदूर इंदौर, सूरत और मुंबई जैसे बड़े शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। शहरों में निर्माण कार्य, फैक्ट्रियों और अन्य क्षेत्रों में काम के अधिक अवसर मिलने के कारण ग्रामीण मजदूर वहां जाना पसंद कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, गांवों में खेतों में काम करने वाले मजदूरों की संख्या लगातार घट रही है, जिसका सीधा असर कृषि कार्यों पर पड़ रहा है। ग्राम घाघरला के किसानों ने बताया कि फसल तैयार होने के बाद उसकी समय पर कटाई अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मजदूरों की अनुपलब्धता के कारण कटाई में देरी होने से आंधी, बारिश या अन्य मौसमी आपदाओं से फसल को नुकसान होने का खतरा बढ़ जाता है।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड पर आग, 2 किमी क्षेत्र में धुंआ फैला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पिछले 24 घंटों से कचरे में आग लगी हुई है, जिससे शहर सहित 2 किलोमीटर के दायरे में धुआं फैल गया है। आग बुझाने के लिए 70 से अधिक पानी के टैंकरों का उपयोग किया गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए खरगोन के अलावा भीकनगांव, कसरावद और मंडलेश्वर से भी अग्निशमन दल बुलाए गए हैं। नगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चिते ने बताया कि गर्मी के कारण कचरे में आग लगी थी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन कचरे से अभी भी धुआं उठ रहा है। पानी का छिड़काव लगातार जारी है और शाम तक स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में आने की उम्मीद है।

चिते के अनुसार, पिछले चार-पांच दिनों से कचरे का पृथक्करण (सेग्रीगेशन) नहीं हो रहा था, जिसके कारण बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो गया और आग लगने पर अधिक क्षेत्र में धुआं फैल गया।

पिछले दो दिनों से गोपालपुरा और डाबरिया के निवासी धुएं और दुर्गंध से परेशान हैं। सड़क पर धुएं के कारण वाहन चालकों ने आंखों में जलन की शिकायत भी की है।

### नगर पालिका के खिलाफ धरने पर कांग्रेसी पार्षद नेपानगर में विकास कार्य ठप होने का आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** •जिले के नेपानगर में सोमवार को चार कांग्रेसी पार्षदों ने अपनी ही नगर पालिका के खिलाफ धरना दिया। पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए वार्डों में विकास कार्य न होने का आरोप लगाया। धरने पर बैठने वाले पार्षदों में वार्ड नंबर 2 से अनीषा राजेश पटेल, वार्ड नंबर 3 से वर्षा शांताराम ठाकरे, वार्ड नंबर 11 से पार्षद योगिता पाटील के प्रतिनिधि राजू दामू पाटील और वार्ड नंबर 7 से पार्षद सपना कैलाश पटेल शामिल थे। खास बात यह है कि नेपानगर नगर पालिका में कांग्रेस की ही परिषद है। धरने पर चार महिला पार्षद उनके प्रतिनिधि बैठे।

पार्षदों का आरोप है कि उन्हें हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तीन-चार दिनों के भीतर विकास कार्य शुरू नहीं हुए, तो वे पहले क्रमिक भूख हड़ताल और फिर पूर्ण भूख हड़ताल करेंगे।

**नपा अध्यक्ष से कई बार शिकायत की**- पार्षद प्रतिनिधि राजेश पटेल ने बताया कि नगर पालिका में कई कार्य लंबित हैं। उन्होंने सीएमओ मोहन सिंह अलावा और नपा अध्यक्ष भारती विनोद पाटील से कई बार शिकायत की है। उदाहरण के तौर पर, वार्ड नंबर 2 में हिलटॉप रोड का डामरीकरण नहीं हुआ है, और वार्ड नंबर 3 में तीन साल पहले खोदा गया शौचालय आज तक नहीं बना। उन्होंने यह भी बताया कि 4.80 करोड़ रुपए के कई काम पूरे नहीं हुए हैं, जिनकी अनदेखी की जा रही है।

### स्क्रैप फैक्ट्री में आग, दो फायर ब्रिगेड रवाना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • एक स्क्रैप फैक्ट्री में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद दो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। आग इतनी भीषण थी कि 10 किलोमीटर दूर तक धुआं उठता दिखाई दिया। फिलहाल आग लगने का कोई कारण सामने नहीं आया है। मौके पर पहुंचे थाना पदमनगर टीआई जगदीश जमरे ने बताया कि आग लगने की सूचना हाल फिलहाल में शाम 4 बजे मिली थी। डायल 112 पर सूचना देने के बाद मौके पर दो फायर ब्रिगेड पहुंच गई।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में फैक्ट्री में पुराने रेफ्रिजरेटर रिपेयर करके बेचे जाने की जानकारी मिली। आसपास पाइप और प्लास्टिक की फैक्ट्री भी है और काफी खेत हैं, जिनमें गेहूं की फसल खड़ी है, इसलिए सबसे पहले इसी बात की कोशिश की कि आग फैले नहीं।टीआई जगदीश जमरे के अनुसार, फैक्ट्री में कबाड़ के फ्रिज, वाशिंग मशीन रखें थे। रमजान नाम का व्यक्ति इस कारोबार को संचालित करता है, जो



कि खराब मशीनों को रिपेयर करके मार्केट में उतारते हैं। रमजान का कहना है कि बाहर से आग आई है, बल्कि वहां चारों तरफ दीवार हैं। दूसरा बिजली कनेक्शन नहीं है। 7-8 लाख रुपए का नुकसान होना बताया गया है। मामले की जांच की जाएगी। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। इस दौरान दो फायर ब्रिगेड मशीनों ने 3-3 ट्रिप लगाए थे।

न्यूज ब्रीफ

### कचरा और गंदगी, CSI और दरोगा का कटेगा तीन-तीन का वेतन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने सोमवार को जोन 18, 8 और 5 के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे नाला आउटफाल एवं नाला टेपिंग कार्य का निरीक्षण किया। कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के पीछे जगन्नाथ धर्मशाला के पास नाला आउटफाल एवं नाला टेपिंग कार्य के निरीक्षण के दौरान नाले किनारे कचरा और गंदगी मिली। इस पर निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएसआइ विनय मिश्रा, सहायक सीएसआइ सोहरन सिंह और दारोगा अंजू रील का तीन-तीन दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। निगमायुक्त ने क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया गया।

### एयरपोर्ट पर रनवे का पिघला डामर, दो उड़ानों को भोपाल किया डायवर्ट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर एयरपोर्ट पर सोमवार को रनवे का डामर (बिटुमेन) पिघलने की घटना सामने आई। जानकारी सामने आते ही तुरंत उड़ानों का संचालन बंद कर सुधार कार्य कराया गया। इस दौरान दिल्ली और रायपुर से इंदौर आने वाली दो उड़ानों को भोपाल डायवर्ट करना पड़ा। यह उड़ान आधे घंटा बाद वापस इंदौर लौटी। सुधार कार्य के लिए करीब 20 मिनट उड़ानों का संचालन पूरी तरह से बंद किया गया। इंदौर एयरपोर्ट पर बीते साल फरवरी से रनवे रिपेयरिंग का कार्य जारी है। सोमवार सुबह 10.30 बजे के बाद नियमित निरीक्षण में रनवे के एक से डेढ़ मीटर में बिटुमेन ढीला दिखाई दिया। सूचना मिलते ही इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंची और उड़ानों का संचालन बंद किया गया।

# शराब ठेकेदारों की लड़ाई में सरकार की कमाई

## रजक ने जिद में लगाई सबसे महंगी बोली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में आबकारी के लिए 56 ग्रुप में 173 दुकानों को रखा गया है, जिनकी बोली तीन चरणों में हुई। इनमें से 34 ग्रुप बिक गए हैं और ये काफी महंगे ग्रुप थे। इन ग्रुप की कीमत पहले ही 20 प्रतिशत ज्यादा तय की गई थी, लेकिन शराब ठेकेदारों ने इन्हें इससे भी 11 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर खरीदा। इसका कारण ये था कि ठेकेदार महंगे ग्रुप पर अपनी मोनोपॉली बनाए रखना चाहते थे। इन 23 महंगे ग्रुप्स के लिए कुल राजस्व लक्ष्य 1451 करोड़ रुपए था, लेकिन ठेकेदारों ने इन्हें 1612 करोड़ रुपए में खरीदा।

**महंगे ग्रुप से पिटे तो रजक ने इतनी लगा दी बोली**-इंदौर का ग्रुप वन स्कीम 54 सबसे महंगा था, जिसकी कीमत 134 करोड़ 95 लाख थी। इसे कैटालिस्ट बेंगलुरु ने 153 करोड़ में खरीदा। ये पहले शराब ठेकेदार सूरज रजक के पास था। इसके बाद रजक ने दूसरे सबसे महंगे ग्रुप इंदौर टू (एमआर 9) की बोली लगाई, जिसकी कीमत 130 करोड़ थी, और इसे 150 करोड़ में खरीदा। इसके अलावा, रजक की फर्म ने पांचवे महंगे ग्रुप आनंद बाजार को भी 78 करोड़ की जगह 91 करोड़ 70 लाख में खरीदा। इसी तरह देवगुराडिया के ग्रुप 26 को भी 32 करोड़ की जगह 42 करोड़ 81 लाख में उठाया। कुल मिलाकर, रजक की फर्म ने करीब 340 करोड़ के चार ठेके खरीदे।



**तीसरा महंगा ग्रुप इन्होंने लिया**-वहीं इंदौर का तीसरा महंगा ग्रुप चंद्रगुप्त मोर्य चौराहा जिसकी कीमत 99 करोड़ थी, उसे आनंदीलाल मालवीय ने 113 करोड़ में उठाया। चौथा महंगा ग्रुप (इंदौर न्यूज) एमआईजी जिसकी कीमत 98 करोड़ थी, उसे कैटालिस्ट बेंगलुरु ने पहले ही 111 करोड़ रुपए में उठा लिया था। बेंगलुरु के पास सबसे महंगा ग्रुप इंदौर वन (स्कीम 54) भी 153 करोड़ में है। वहीं महंगा ग्रुप 6 द्वारिकापुरी का 72 करोड़ 55 लाख में लालू लिक्वर ने और ग्रुप 7 राऊ को 67 करोड़ में संतोष रघुवंशी ने उठाया। बाकी बचे हुए ग्रुप की अब फिर से बोली लगेगी और एक-एक ग्रुप (शराब के ठेके) को बेचा जाएगा। इन बचे हुए ग्रुप की बेस प्राइज 651 करोड़ रुपए है।

**क्या इतनी बिक्री कर पाएंगे या होंगे डिफॉल्टर**-वहीं इस अधिक कीमत पर दुकान बिक्री होने से यह भी सवाल उठ गया है कि क्या यह इतनी बिक्री कर आबकारी राजस्व जमा कर पाएंगे। जैसे कि ग्रुप वन और टू जो 150 करोड़ में गए हैं। इन्हें हर दिन औसतन ढाई-ढाई करोड़ कीमत की शराब बेचनी होगी, तब जाकर वह नो प्रॉफिट नो लॉस में हो सकेंगे। ऐसा नहीं कर पाने पर इन्हें जेब से आबकारी राजस्व भरना होगा, नहीं तो डिफॉल्टर होंगे।

### गुजरात लाइन बंद होने से पहले ही मुश्किलों में

उधर गुजरात लाइन ठेकेदारों की आपसी लड़ाई और एक-दूसरे को निपटाने में बंद हो चुकी है। जो भेजने की कोशिश में लगे हैं, उनमें ठेकेदार एक-दूसरे की शिकायत कर रहे हैं और गाड़ियां पकड़वा रहे हैं। इसके चलते जो ठेकेदार ऊंचे ठेके लेकर इसकी भरपाई गुजरात (इंदौर में शराब की बिक्री) की ब्लैक लाइन से कर रहे थे, वह इस बार पहले ही तगड़े घाटे में हैं। अभी भी करोड़ों का माल दुकानों में पड़ा हुआ है। वहीं इसके साथ आशंका यह भी है कि यह महंगे ठेके लेने के बाद फिर गुजरात लाइन की कोशिश करेंगे या फिर शराब बोतल तय कीमत से अधिक पर बेचेंगे, जिससे नए विवाद खड़े होंगे।

# रंगपंचमी गेर में सोने की चेन चुराने, पॉकेटमारी के लिए फ्लाइट से आई अंतरराज्यीय गैंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रंगपंचमी गेर इस बार भव्य माहौल में शांति से निकल गई, जिसमें पांच लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस दौरान इन लोगों के गले की सोने की चेन और पॉकेट पर एक अंतरराज्यीय गैंग की नजर थी।

इस गैंग के 20 सदस्य फ्लाइट से एक दिन पहले इंदौर पहुंच चुके थे। होटल वालों को शक हुआ, तो उन्होंने पुलिस को फोन कर दिया। इससे पहले कि ये सदस्य गेर में पहुंचकर रंग में भंग डालते, इन्हें पुलिस ने होटल से ही धर लिया।



**बिहार के बदमाश शामिल**-पुलिस को जांच में पता चला है कि यह गैंग बिहार के बदमाशों की है। यह दिल्ली से फ्लाइट से इंदौर पहुंचे थे। इसके पहले यह गैंग नैनीताल में हुए नंदा देवी उत्सव में सेंध मारकर दर्जन भर लोगों की सोने की चेन चोरी कर चुकी है।

**बल लेकर पहुंची पुलिस और पकड़ा**-डीसीपी जोन 3 राजेश व्यास ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने संदिग्धों के मोबाइल नंबरों को जांच में लिया। इसके बाद पलासिया, छोटी ग्वालटोली थाना और क्राइम ब्रांच की पुलिस ने छापा मारा। होटल से 20 संदिग्धों को पकड़ा। इन सभी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

**नेपाल और बिहार पुलिस से मांगी जानकारी**-छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि ये सभी बिहार और नेपाल से हैं। ये सभी दिल्ली से फ्लाइट से आए थे और दो होटलों में ठहरे थे।

इनके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी के लिए नेपाल और बिहार पुलिस से जानकारी मांगी गई है। बीती रंगपंचमी के दौरान करीब 60 लोगों की सोने की चेन चोरी हुई थी। इसी को देखते हुए इस बार पुलिस भारी अलर्ट पर थी। इसी दौरान जांच में यह गैंग धरा गई, अन्यथा फिर बड़ी वारदात होती।

# लोक अदालत पर नगर निगम की नजर, वसूली का बड़ा मौका फील्ड में वसूली के लिए अमला देगा दस्तक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर निगम अब राजस्व वसूली को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को निगम ने बकाया कर वसूली का बड़ा अवसर मानते हुए तैयारियां तेज कर दी हैं। निगम प्रशासन ने इस बार लोक अदालत के माध्यम से 70 से 75 प्रतिशत तक राजस्व वसूली का लक्ष्य तय किया है।

इस संबंध में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने अधिकारियों के साथ बैठक कर लोक अदालत की व्यवस्थाओं और राजस्व वसूली की रणनीति की समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले अधिकतम बकाया वसूली सुनिश्चित की जाए। 14 मार्च को होने वाली नेशनल लोक अदालत नगर निगम मुख्यालय के साथ सभी जोनल कार्यालयों और अन्य निर्धारित स्थानों पर आयोजित की जाएगी। यहां नागरिक अपने बकाया कर का निपटारा कर सकेंगे और शासन द्वारा दी जा रही छूट का लाभ भी ले सकेंगे। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को



निर्देश दिए हैं कि वे फील्ड में सक्रिय रहकर बकायादारों से संपर्क करें और उन्हें लोक अदालत में कर जमा करने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए विशेष अभियान चलाकर बकायादारों तक सूचना पहुंचाई जाएगी। लोक अदालत में शासन द्वारा सरचार्ज में दी जा रही छूट का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए वार्ड स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। निगम का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक करदाता इस अवसर का फायदा उठाकर अपना बकाया कर जमा करें और निगम के राजस्व लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग दें।

# केस में परेशान न करने के बदले मांगी रिश्वत, एसआई और आरक्षक पर केस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● लोकायुक्त इंदौर इकाई ने अंजड़ थाने के एक उपनिरीक्षक और आरक्षक के खिलाफ रिश्वत मांगने का प्रकरण दर्ज किया है। दोनों पर एक ज्वेलरी कारोबारी को केस में परेशान नहीं करने के बदले पैसे मांगने का आरोप है।

महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के तहत बड़वानी में कार्रवाई की गई है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार फरियादी जयराज चौधरी पिता भगवानजी चौधरी निवासी अंजड़ जिला बड़वानी, एमजी रोड सराफा बाजार में डायमंड ज्वेलर्स के संचालक हैं। वह सौर ऊर्जा सामग्री सप्लाई का कार्य भी करते हैं। करीब एक वर्ष पूर्व भारत बर्फा नामक व्यक्ति की आत्महत्या के मामले में उपनिरीक्षक महावीर सिह चंदेल ने उन्हें थाने बुलाकर पूछताछ की थी। शिकायत के अनुसार 24 जनवरी 2026 को उपनिरीक्षक महावीर सिह चंदेल और आरक्षक पवन प्रजापति अंजड़ न्यायालय के पास फरियादी से मिले। इस दौरान चंदेल ने कहा कि मामले में उन्हें परेशान नहीं किया गया है और केस खत्म कर देंगे, लेकिन इसके बदले 50 हजार रुपए 'खर्चा-पानी' देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आरक्षक पवन प्रजापति दुकान पर आएगा और पैसे ले जाएगा, अन्यथा केस में उल्टा फंसा देंगे। फरियादी ने इसकी लिखित शिकायत लोकायुक्त इंदौर के पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय को की। जांच में शिकायत सही पाई गई। सत्यापन के दौरान आरक्षक पवन प्रजापति ने फरियादी से 15 हजार रुपए ले लिए और शेष राशि बाद में देने की बात कही। इसके आधार पर चंदेल और प्रजापति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है

**लोकायुक्त इंदौर की कार्रवाई, 15 हजार रु. लेने की पुष्टि के बाद एफआईआर**



# बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक; सीएम मोहन यादव, शिवप्रकाश, हेमंत खंडेलवाल आज इंदौर में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बीजेपी इंदौर दफ्तर में कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें दोनों मंत्री, विधायक व अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। मंगलवार को इंदौर में कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण शाला हो रही है। लंबे समय बाद बीजेपी दफ्तर में कोर कमेटी बैठक का आयोजन हुआ। इसमें नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा के साथ ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट के साथ ही बीजेपी प्रदेश कमेटी में उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, महामंत्री गौरव रणदिवे, संभागीय संगठन मंत्री रणवीर सिंह रावत उपस्थित थे। साथ ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा, सुदर्शन गुप्ता व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य फोकस संगठन के कामों पर रहा। इसमें सीएम मोहन यादव के मंगलवार को हो रहे कार्यक्रम को लेकर भी बात हुई। सीएम के साथ ही राष्ट्रीय मध्य प्रदेश, प्रदेशाध्यक्ष बीजेपी हेमंत खंडेलवाल मंगलवार को इंदौर आ रहे हैं। एक स्कूल में बीजेपी के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सत्र का आयोजन है।

**सात विषयों पर तैयार होंगे बीजेपी के वक्ता**-प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह सभी शिरकत करेंगे। इसमें वक्ताओं को आगे प्रशिक्षित किया जाना है। जो आगे जाकर अन्य को प्रशिक्षित करेंगे। यह सात विषयों पर वक्ता तैयार करेंगे। जिसमें केंद्र व राज्य की उपलब्धियों पर बात करना, संगठन कैसे काम करता है, बीजेपी के अनुषंगी संगठन कैसे काम करते हैं आदि विषय है। इन प्रशिक्षण में वक्ता तैयार होंगे जो संगठन में निचले स्तर पर भी वक्ता तैयार करेंगे।

**हर माह होगी कोर कमेटी की बैठक**-वहीं कोर कमेटी की बैठक में तय किया गया कि अब हर माह के पहले सप्ताह में कोर कमेटी की बैठक की जाएगी। इसमें संगठन के कामों पर बात होगी व इसी तरह संगठन से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## भाजपा प्रशिक्षण वर्ग की क्षेत्रीय कार्यशाला आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान के प्रदेश प्रभारी विजय दुबे, सहप्रभारी राजेंद्र सिंह एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि आज 10 मार्च को गुजराती इनोवेटिव कॉलेज, सत्यसाईं चौराहा पर भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग की क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला आयोजित की गई है। नेताओं ने बताया कि कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, गुजरात के संगठन महामंत्री रत्नाकरजी, मध्य पश्चिम क्षेत्र प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी के सी पटेल मार्गदर्शन देंगे। द्वितीय सत्र 8 कक्षों में 8 वक्ताओं द्वारा अलग अलग विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# खजराना से जमजम चौराहा तक सड़क होगी चौड़ी, थमाए नोटिस

### 4.5 से 5.5 मीटर तक टूटेंगे मकान, 60 फीट चौड़ी होगी सड़क

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● खजराना चौराहे से जमजम चौराहा तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम ने इस मार्ग पर बाधक बने करीब 100 से अधिक मकान मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में बताया गया है कि सड़क निर्माण के लिए मकानों का लगभग 4.5 से 5.5 मीटर हिस्सा बाधक है, जिसे हटाना आवश्यक है। नोटिस मिलने के बाद 15 दिन के भीतर स्वयं बाधक निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद निगम कार्रवाई करेगा।

### रहवासियों ने निर्माण हटाने से किया इंकार, विरोध

क्षेत्र के रहवासियों ने निर्माण हटाने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि जिन मकानों को हटाने की बात की जा रही है, वे उनके पैतृक मकान हैं और इनके रिकॉर्ड पंचायत व पटवारी के पास दर्ज हैं। उन्हें टीडीआर या अतिरिक्त एफएआर नहीं चाहिए, बल्कि जमीन के बदले उचित मुआवजा दिया जाए। क्षेत्रीय पार्षद पति दिनेश सोनगरा ने कहा कि वे रहवासियों के साथ हैं। उनके अनुसार यह अवैध अतिक्रमण नहीं है, बल्कि लोगों के पास जमीन के वैध दस्तावेज मौजूद हैं।

### टीडीआर पॉलिसी का पीड़ितों को मिलेगा लाभ

यह सडक मास्टर प्लान के तहत 60 फीट चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंगल ने बताया कि शहर में मास्टर प्लान की सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। खजराना से जमजम चौराहा तक सड़क चौड़ी होने के बाद क्षेत्र में यातायात की समस्या काफी हद तक दूर होगी। निगम के अनुसार जिन मकानों का हिस्सा सड़क निर्माण में लिया जाएगा, उन्हें टीडीआर पॉलिसी के तहत अतिरिक्त एफएआर दिया जाएगा।

**आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने समय-सीमा के पत्रों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आमजन की समस्याओं का त्वरित, सकारात्मक और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर शिवम वर्मा ने दिए है।

कलेक्टर वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की अधिकारीवार समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य, रोशन राय, निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर वर्मा ने स्पष्ट किया कि समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित सात प्रकरणों की रेंडम रूप से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए



जाने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर वर्मा ने राज्य शासन द्वारा संचालित संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आगामी समय में आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय शिविरों में सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### मैरिज गार्डन परिसर में पार्किंग के लिए रख जगह

बैठक में कलेक्टर ने शहर के मैरिज गार्डनों में पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मैरिज गार्डन अपने परिसर में निर्धारित 40 प्रतिशत स्थान पार्किंग के लिए आरक्षित करें। साथ ही एसडीएम को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि मैरिज गार्डनों में नियमानुसार पार्किंग की व्यवस्था है या नहीं। यदि किसी मैरिज गार्डन में पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित नहीं पाया जाता है तो संबंधित मैरिज गार्डन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।